PATRICIA MAHAN का वक्तव्य,

सदस्य, Santa Clara City Council के लिए उम्मीदवार, **सीट 6**

व्यवसाय: अटार्नी / व्यवसायी

आयु: 64

शिक्षा एवं योग्यता:

सैंटा क्लारा की सेवा करने के अपने रिकार्ड के साथ, जिसमें 8 साल तक मेयर के रूप में काम करना भी शामिल है, मैं सिटी कौंसिल में अनुभव, ज्ञान और नेतृत्व लेकर आऊँगी। मैं एक अटार्नी हूँ, सैंटा क्लारा विश्वविद्यालय से जे.डी. किया है, और इस्टेट प्लानिंग का अपना व्यवसाय चला रही हूँ। सैंटा क्लारा में मेरी जड़ें गहरी हैं जिसके कारण मैं हमारे शहर के सामने आज खड़ी चुनौतियों को समझती हूँ। मैं सैंटा क्लारा को सुरक्षित बनाए रखने, ट्रैफिक की भीड़ को कम करने और खुले स्थानों को बढ़ाने के लिए काम करूँगी। सैंटा क्लारा की सर्वोच्च प्राथमिकता है बजट संतुलन और इसके रिजर्व को फिर से बनाना। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था में सुधार आता है वैसे-वैसे हम रोजगार पैदा करने और हमारे स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देने की योजना बना सकते हैं। नए विकास को टिकाऊ होना चाहिए और नई माँगों को पूरा करने के लिए नगर सेवाओं में विस्तार होना चाहिए। हमें हमारे आधारभूत ढाँचे में - जैसे जल, ऊर्जा, सड़कें, पार्क, लाइब्रेरी - में सुधार करना चाहिए ताकि सैंटा क्लारा वर्तमान और भविष्य के निवासियों के रहने लायक एक शानदार जगह बनी रहे। सार्वजनिक सुरक्षा हमारे लिए चिंता का सबसे महत्वपूर्ण विषय है। मैं यह सुनिश्चित करूँगी कि सैंटा क्लारा के पास सर्वश्रेष्ठ और पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित पुलिस, आग और आपातकालीन स्थितियों में काम करने वाले कर्मी हों। लेवीज़ स्टेडियम के कारण हमारी सामान्य निधि नकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सैंटा क्लारा का भविष्य शानदार होगा, क्योंकि इसका अतीत श्रेष्ठ रहा है। मेरी योजना इस विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ सैंटा क्लारा को ऐसी जगह बनाना है जिसके हकदार इसके भविष्य के निवासी हैं। मैं सबकी बात सुनूँगी, सभी के साथ निष्पक्षता के साथ व्यवहार करूँगी और हमारे समुदाय की एकता बनाए रखूँगी। www.pattymahan.com